हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 24 मार्च 2024

11 हरियाणा केंद्रीय विवि में सात करोड़ की लागत से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक



12 33 हजार एकड़ फसल के आंकड़े का नहीं हुआ मिलान



नारनौल शहर में पहली बार
विश्वस्तरीय व आधुनिक तकनीक से लैश
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी विभाग
आँत, पेट, लीवर व पैनक्रियाज से सम्बंधित बिमारीयाँ
एण्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी एवं ERCP की सुविधा



डॉ. अशोक कुमार
MBBS, MD Medicine (GMCH, Chandigarh)
DM Gastroenterology (DMCH, Ludhiana)
Ex. Const. Saroj Super Speciality Hospital, Delhi
Ex. Const. Jaipur Golden Hospital, Delhi
Ex. Sr. Const. Ujala Sygnus : Sonia Hospital, Delhi
रेवाड़ी, जयपुर एवं दिल्ली की सभी सुविधाएं नारनौल में पहली बार
27 मार्च 2024 से नियमित ओपीडी सेवाऐं
24 घण्टे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
सिंघाना रोड, महावीर चौक, नारनौल (हरि.)
Ph. 01282-298621, 9991116314

## खबर संक्षेप

### बव्वा में 3 दिवसीय माता शीतला मेला एक से

**कनीना।** गांव बव्वा में तीन दिवसीय शीतला माता मेला एक अप्रैल शुरू होगा। मेला कमेटी इसकी तैयारियां कर रही हैं। राजीव यादव ने बतया कि एक अप्रैल रात्रि जागरण होगा। जिसमें भजन गायक रातभर माता की स्तुती करेंगे। उन्होंने बताया कि दो अप्रैल को सुबह 10 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तीन अप्रैल को लगने वाले मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

### बाबा गैबीराम का मेला व खेल प्रतियोगिता कल

**मंडी अटेली।** बाबा गैबीराम का विशाल मेला गांव गुवानी में 25 मार्च को धुलंडी के दिन भरेगा। विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार, बीडीसी चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार विशेष रूप से शामिल होंगे। सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव ने बताया कि कुश्तियां 51 से 51 हजार तक करवाई जाएंगी। कबड्डी में प्रथम विजेता टीम को 51 हजार तथा द्वितीय टीम को 31 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं वालीबाल समेसिंग प्रतियोगिता में प्रथम टीम को 51 हजार तथा द्वितीय टीम को 31 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा।

### मुख्य डाकघर का स्विच खराब, त्योहारी सीजन में उपभोक्ता परेशान

# हर रोज एक करोड़ का लेन-देन प्रभावित

**मुख्य डाकघर में इंटरनेट सप्लाई करने वाली मशीन शुक्रवार दोपहर को करीब डेढ़ हो गई थी खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्य डाकघर का दो दिनों से स्विच (राउटर स्विच, विभिन्न कंप्यूटरों को नेटवर्किंग से जोड़ने एवं इंटरनेट सप्लाई करने वाली मशीन) खराब होने से लेन-देन एवं अन्य आवश्यक कार्य ठप हैं। जिससे ससाल के लेखा जोखा के साथ बुजुर्गों की पेंशन भी अटक गई हैं। इससे डाकघर का करीब एक करोड़ का लेन प्रतिदिनि के हिसाब से प्रभावित हो रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन होने के कारण ग्राहक दो दिनों से बार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। खाबस बात यह है कि गुरुग्राम मंडल कार्यालय में भी मशीन उपलब्ध नहीं है तथा बंगलौर से मशीन आने तक समस्या का समाधान संभव नहीं दिख रहा।

कम्प्यूटरीकृत राजीव चौक स्थित मुख्य डाकघर में स्विच मशीन खराब होने से कम्प्यूटर धोखा दे गए हैं। इससे अधिकारी एवं कर्मचारी आवश्यक कार्य नहीं निपटा रहे हैं व मुख्य डाकघर आने वाले भी निराश होकर दो दिनों से वापिस लौट रहे हैं। डाकघर में शुक्रवार को सामान्य रूप से काम चल रहा था। अचानक दोपहर को करीब डेढ़ बजे अचानक कंप्यूटर नेटवर्किंग मशीन यानि स्विच में खराबी आ गई। यह खराबी होने से कंप्यूटरों ने काम करना बंद कर दिया और पूरा डाकघर ठप हो गया। जिससे 31 मार्च तक साल का लेखा जोखा अटकने के साथ बुजुर्गों की पेंशन भी अटक गई। जिससे बुजुर्गों को डाकघर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इस मशीन की खराबी से डाकघर के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी एकतरह से पंगु हो गए और वह कोई आवश्यक कार्य कंप्यूटरों पर नहीं निपटा सके।



नारनौल। डाकघर में मौजूद पेंशन लेने के लिए आए बुजुर्ग व अन्य ग्राहक, डाकघर में खराब पड़ी मशीन व डाकघर के काउंटर पर खड़े लोग। फोटो : हरिभूमि।

#### डाकखाना आने बालों को परेशानी

मुख्य डाकघर द्वारा अनेक सरकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिनमें लोग अपनी किस्त जमा कराने आते हैं। मासिक अंतिम दिन होने के कारण मशीन खराबी के चलते अनेक लोग इससे वंचित रह गए। अब उन्हें समय पर किस्त जमा नहीं कराने पर अतिरिक्त चार्ज देना पड़ेगा। सैकड़ों ग्राहक ऐसे भी हैं, जो एजेंटों के जरिए रोजाना खातों में पैसे जमा करवाते हैं, लेकिन यह पैसे भी जमा नहीं हो पा रहे और उन्हें तकनीकी खराबी के चलते बैरंग ही लौटाया जा रहा है।

#### यह कहते हैं अधिकारी

मार्च महीने के अंतिम दिन होने के चलते अब फाईनेंशियल क्लोजिंग चल रही है, लेकिन मशीन खराब होने के कारण सारा कामकाज ठप हो गया है। रात को भी वह परेशान रहे और सो नहीं पाए। पूरा सिस्टम ही ठप हो गया है। आम ग्राहकों समेत बुजुर्गों तक को पेंशन नहीं बांटी जा पा रही। मशीन खराब होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। अब मंगलवार तक मशीन आने पर ही काम चल पाएगा।
**-अशोक गर्ग, डाकपाल, मुख्य डाकघर, नारनौल।**

#### लोकल नहीं मिली मशीन

मुख्य डाकघर में जो पोर्ट खराब हुआ है, वह 48 स्विच का है। इस मशीन को खोजने के लिए मुख्य डाकघर के कंप्यूटर विशेषज्ञों ने हाथ-पैर विभिन्न जगहों पर मारे, लेकिन नारनौल शहर में 48 पोर्ट की मशीन उपलब्ध नहीं मिली। कमाल की बात यह है कि यह मशीन बैंग्लोर से मंगवाने की बातें की जा रही है। जिससे उच्चाधिकारियों को मशीन की खराबी से लिखित में अवगत करवा दिया है। अब इस मशीन के मंगलवार तक आने की उम्मीद है।

#### बुजुर्ग हुए सबसे ज्यादा निराश

बुढ़ापा पेंशन वितरण का कार्य मुख्य डाकघर के जरिए किया जाता है। शहर में 31 वार्ड बने हुए हैं तथा विभिन्न वार्डों का ग्रुप बनाकर उन्हें एक-एक दिन डाकघर बुलाया जाता है, ताकि उन्हें ज्यादा परेशानी न हो। महीने के अंतिम दिन एवं होली पर्व होने के चलते बुजुर्ग एवं अन्य लोग पैसे का लेन-देन करने के लिए मुख्य डाकघर पहुंचे, लेकिन उन्हें न तो पेंशन वितरित की जा सकी और न ही उनके अन्य कार्य निपटाए जा सके। मुख्य डाकघर में एक दिन में करीब 15 लाख रुपये पेंशन के रूप में वितरित किए जाते हैं।

### होली पर्व आज, रात 11:15 बजे के बाद होलिका दहन का उचित समय

**नारनौल।** होली पर्व 24 मार्च को मनाया जाएगा। विष्णुपुराण के अनुसार हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती थी। अतः भतीजे प्रहलाद को मारने के लिए अपनी गोद में बिठाकर अग्नि प्रवेश कर लिया, लेकिन प्रभु कृपा से प्रहलाद बच गए और होलिका अग्नि में जल गई। तब से ही अधर्म पर धर्म की विजय के उपलक्ष्य में होलिका दहन किया जाता है। अगले दिन सुबह एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गिले शिकवे मिटाए जाते हैं। आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को प्रातः 9:54 बजे प्रारंभ होगी तथा 25 मार्च को दोपहर 12:29 पर समाप्त होगी। शास्त्रानुसार फाल्गुन मास की प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि में होलिका दहन करने का विधान है। मुहूर्त 24 मार्च को प्राप्त हो रहा है, लेकिन इस दिन प्रातः 9:54 से रात्रि 11:14 तक भद्रा का साया रहेगा। ऐसे में भद्राकाल में होली का पूजन व दहन दोनों ही निषेध है। अतः भद्रा पूर्व प्रातः 8 बजे से 9:54 तक होली पूजन व भद्रा समाप्ति के पश्चात रात्रि 11:15 के बाद होलिका दहन करना शुभ रहेगा। वहीं पंडित सुरेंद्र खटोटी ने बताया कि होली का दहन 24 मार्च मध्यरात्रि बाद करना उचित रहेगा।



क्रांति निर्मल शास्त्री।

### ड्रिंक के नाम पर ठगी के आरोपितों से 5.75 लाख बरामद, 112 पेटी रेडबुल ड्रिंक की बरामद

**नारनौल।** साइबर पुलिस ने रेडबुल ड्रिंक के नाम पर ठगी के आरोपितों ने पांच लाख 75 हजार की नकदी व 112 रेडबुल ड्रिंक पेटी बरामद की। प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि साइबर पुलिस ने दो आरोपित रवि वासी जमालपुर थाना मुंगेर बिहार हाल आबाद रॉयल सिटी छपरोला अच्छेजहां थाना बादलपुर यूपी व सौरभ वासी कर्ण विहार नई दिल्ली को सोनीपत क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। जिसने रेडबुल ड्रिंक के ऑर्डर के नाम पर करीब 10 लाख 44 हजार रुपये की ठगी की थी। रिमांड के दौरान आरोपितों से पूछताछ में पांच लाख 75 हजार रुपये की नकदी व 112 रेडबुल ड्रिंक पेटी बरामद की हैं।




Take a Step towards Bright Future.......
HARYANA SR. SEC. SCHOOL
Permanently Recognised Upto 10+2
Mohalla - Choudhariyan, Narnaul
Ph. 01282-252323, M: 9416478404, 8059822223
Medical, Non-Medical, Commerce, Arts




We Create:
DOCTORS
ENGINEERS
PLAYERS
OFFICERS
LAWYERS
C.A.

आप सभी को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI

बच्चों के उज्वल भविष्य, सर्वांगीण विकास, उच्च शिक्षा अनुशासन, नैतिकता एवं संस्कारों का मंदिर

Spacious Airy Rooms and Playground
Well Equipped Science Labs and Library
Well Educated and Experienced Staff
Water Cooler with R.O. Facility
Maximum Merits in Board Classes



Chairman:
Hitender Sharma



Director:
Sangeeta Sharma

## खबर संक्षेप



### मोहल्ला पुरानी सराय में माता की चौकी लगाई

**नारनौल।** टाईगर क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार रात को प्रकाश सैनी के निवास स्थान मोहल्ला पुरानी सराय में माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रकाश सैनी व उनकी पत्नी यजमान थे। पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाईगर क्लब संरक्षक डा. शिवकुमार, प्रधान राकेश यादव, कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, टीटू सोनी ने संयुक्त रूप से की।



### बजरंग दल का नारा सेवा सुरक्षा संस्कार: पुनीत

**मंडी अटेली।** जिला बजरंग दल अभ्यास वर्ग क्षेत्र के गांव दौंगड़ा अहीर के श्याम मंदिर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सांवत सिंह व जिला संयोजक पुनीत कलवाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सांवत सिंह ने अपने संबोधन में कार्य विस्तार और आचार्य पद्धति पर विशेष बल दिया। इस मौके पर जिला संयोजक पुनीत कलवाड़ी ने बजरंग दल की स्थापना व बजरंग दल का नारा सेवा सुरक्षा और संस्कार के बारे में बताया।

### सरकारी स्कूल के बच्चे ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा

**नारनौल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला खड़खड़ी के पांचवीं कक्षा के छात्र अंशज पुत्र विजय सिंह मोहल्ला वृंदावन कॉलोनी ने सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्र अंशज इसके साथ-साथ गुरुकुल कुरुक्षेत्र की ओर से आयोजित छठी कक्षा के दाखिले की परीक्षा भी इसी सत्र में पास कर चुका है।



### लापता बच्चे को परिजनों से मिलाया

**नारनौल।** घर से लापता नाबालिग बच्चे को पुलिस ने रिंगस से बरामद किया है, जो दोस्त के साथ खेलते-खेलते घर से चला गया था। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने लापता नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। निजामपुर क्षेत्र से बच्चा अपने दोस्त के साथ खेलते-खेलते घर से चला गया था। काफी समय बाद भी जब बच्चा घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। काफी मशक्कत करने के बाद बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के साथ उसका दोस्त भी था, जिसे भी सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### होली मिलन समारोह कल

**सतनाली मंडी।** श्रीराम प्रभात फेरी सत्संग समिति के तत्वावधान में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य महेश माधोगढ़िया ने बताया कि समिति की ओर से लक्ष्मी नारायण मंदिर में दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक कार्यक्रम किया जाएगा।

## जिले में विभिन्न जगहों पर लगाए जाएंगे पुलिस नाके, पुलिस की रहेगी विशेष नाकाबंदी

# होली पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई: एसपी

- शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

होली पर्व पर हुड़दंगबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस की ओर से विभिन्न जगहों पर नाके लगाकर विशेष नाकाबंदी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने जिला वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के इस खास अवसर पर आपसी भाईचारा बनाए रखे और इस पर्व को शांतिपूर्वक व सुरक्षित तरीके से मनाएं। इसी के साथ कहा कि शरारती तत्वों व अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के लिए कड़ी चेतावनी है कि वे किसी भी प्रकार की शरारत, हुड़दंगबाजी व अपराधिक गतिविधि ना करें। निगरानी हेतु पुलिस की विशेष नाकाबंदी व ड्यूटी तैनात रहेगी। एसपी ने कहा कि पुलिस महानिदेशक की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी पुलिस अधिकारियों को इस पावन पर्व के अवसर पर जिलेभर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए हैं। जिसको लेकर जिलेभर में नाके लगाए गए हैं, जिन पर पुलिस



कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही दो रिजर्व टीम भी बनाई गई हैं।

**होली पर यह न करें, वरना होगी कार्रवाई :** होली पर शराब सेवन करके वाहन न चलाए, होली खेलने के लिए किसी के साथ जबरदस्ती ना करें, राहगीरों पर गुलाल या पानी फेंककर तंग ना करें, किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी ना करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसा करते हुए पाया गया या इस प्रकार की किसी के खिलाफ शिकायत मिली तो पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

पुलिस ने होली पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पर्याप्त व्यापक प्रबंध किए हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। पुलिस की ओर से सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में नाके लगाए गए हैं। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसपी ने कहा कि किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में लिप्त पाए जाने वालों पर कानून के अनुसार सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इस अवसर पर ऐसे पदार्थों का इस्तेमाल ना करें जिससे किसी व्यक्ति को हानि पहुंचे। होली के अवसर ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें और अगर आपको किसी प्रकार की संदिग्ध सूचना या कोई अपराधिक गतिविधि के बारे में पता चलता है तो उसकी सूचना डायल 112 या नजदीकी थाना-चौकी को दें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर पर ध्यान ना दें, कोई भी गड़बड़ी होने पर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। इसके अलावा नशे के कारोबारी की भी सूचना दें।



नांगल चौधरी। मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव।

# प्रतिभाओं को सम्मानित करके बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल के चेयरमैन दयाराम यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने जरूरतमंदों को प्रोत्साहित करके उन्हें परिश्रम में निखार लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सभी विद्यार्थियों में होती है, लेकिन सभी में एक समान नहीं होती। इसलिए शिक्षकों को एक-एक विद्यार्थी की प्रतिभा का आंकलन करके उसे अवगत करवाने की जरूरत है। चेयरमैन ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चे को प्रोत्साहन मिलने पर उन्हें प्रदर्शन में निखार लाने का संदेश मिलता है। साथ ही पुरस्कार वितरण से आत्मिक विश्वास मजबूत होगा और बच्चे लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई कर सकेंगे। इसके बाद एकेडमिक परीक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को मेडल व डिजिटल वॉच देकर सम्मानित किया। स्कॉलरशिप परीक्षा के टॉपर 60 विद्यार्थियों को शुल्क में 15 से 7 हजार तक की छूट मुहैया करवाई गई। इस मौके पर प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने स्कूल की खेल, सांस्कृतिक व प्रतियोगिक उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत करवाया।

- प्रतिभा सभी विद्यार्थियों में होती है, लेकिन सभी में समान नहीं होती।
- एकेडमिक परीक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को मेडल व डिजिटल वॉच देकर सम्मानित किया।

# विजय इंटरनेशनल स्कूल में मनाया शहीदी दिवस

- भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव राष्ट्र की स्वतंत्रता और एकता के लिए अहम व्यक्ति: चेयरमैन विजय यादव टूमना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते चेयरमैन विजय यादव टूमना व अन्य। फोटो: हरिभूमि

विजय इंटरनेशनल स्कूल, बलाना में देश के महान क्रांतिकारी एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन कर शहीदी दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विजय यादव टूमना, प्राचार्य डॉ. एसएस यादव एवं उप-प्राचार्य नत्थू सिंह ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि 23 मार्च का यह दिन पूरे देश में ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि यह भारतीय स्वतंत्रता की संघर्ष में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत की वर्षगांठ के रूप में जाना जाता है, जो राष्ट्र की स्वतंत्रता और एकता के लिए अहम व्यक्ति थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया। छात्रों ने देशभक्ति और समर्पण के भाव को बढ़ावा देते हुए कविताओं और भाषणों का प्रस्तुतीकरण किया। प्राचार्य डॉ. एसएस यादव ने छात्रों को भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव के जीवन और विचारधारा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, और राष्ट्र के प्रति साहस, बलिदान, और समर्पण के महत्व को उजागर किया। उप-प्राचार्य नत्थू सिंह ने बताया कि भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अद्वितीय और शौर्यपूर्ण योद्धाओं थे। जिनकी शहादत भारतीय इतिहास में अमर है। उन्होंने अपनी जान की आहुति देकर भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ा और अपने अदम्य साहस और निष्ठा का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की शहादत को दिखाने वाली डॉक्यूमेंट्री का भी प्रसारण किया। जिससे छात्रों के भावनात्मक विकास में मदद मिली। इन स्मृतियों को धारण करके विद्यार्थियों ने शहीदों की विरासत को संरक्षित रखने और राष्ट्रवादी नागरिकों की नस्ल को पोषण करने का आश्वासन दिया।



महेंद्रगढ़। शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# आकाश इंस्टीट्यूट में मनाया शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कनीना में शनिवार को शहीदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट विनय प्रकाश यादव ने भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव महान क्रांतिकारियों को पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी।

प्राचार्य राहुल यादव ने उन शहीदों की कुर्बानियों के बारे में विद्यार्थियों से कहा कि जो आज हम खुले हवा में साथ ले रहे हैं, वह सब शहीदों की कुर्बानियों की वजह से ले रहे हैं, जिन्होंने भारत माता को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वाइस प्राचार्य अशोक कुमार, एचओडी संजीत कुमार, विजय कुमार, जितेंद्र सिंह, संदीप सिंह, पवन कुमार, राकेश कुमार, विनीत कुमार व विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को किया याद



**नांगल चौधरी।** लंबोरिया एकेडमी बूढ़वाल में शहीदी दिवस व होली मिलन समारोह एमडी राजपाल लंबोरा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें संस्था के चेयरमैन हजारीलाल लंबोरा ने शहीदों को पुष्प अर्पित किए तथा विद्यार्थियों को शहीदों की जीवनी से अवगत करवाया। कार्यक्रम में युवाओं को गुलाल होली खेलने के लिए प्रेरित किया, जिससे पानी की बर्बादी पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों की कोई जाति या धर्म नहीं होता, क्योंकि उन्होंने संपूर्ण राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए बलिदान दिया था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की जीवनी का प्रत्येक प्रसंग जोश, जुनून व देशभक्ति से सरोबोर है। इस मौके पर प्राचार्य राजबीर सिंह, सरजीत लंबोरा, पवन कुमार, दिनेश, कृष्ण कुमार, राजेश रावत, सुशीला, प्रियंका, सर्मेश, ममता मौजूद रही।

### यदुवंशी थनवास में मनाया शहीदी दिवस



**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास में भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहीदी दिवस पर याद किया गया। विद्यालय डायरेक्टर सुनिता यादव, प्राचार्य रमेश यादव व समस्त शिक्षकों ने भगतसिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनको नमन किया। विद्यालय के हिन्दी शिक्षक सुरेश सैनी ने भगतसिंह की जीवनी के बारे मे बताते हुए कहा कि भगतसिंह ने मात्र 23 साल की उम्र में हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया। उन्होंने अंग्रेजी शासन की भरपूर खिलाफत की तथा अंग्रेजों के खौफनाक अधिकारी सांडर्स को मार दिया। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को भगतसिंह के जीवन पथ पर चलने की प्रेरणा दी। डायरेक्टर सुनिता यादव ने कहा कि हमें भगतसिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की तरह बनना चाहिए। प्राचार्य रमेश यादव ने बताया कि भगतसिंह एक महान क्रांतिकारी थे।

### यदुवंशी कॉलेज के दो विद्यार्थी आईआईटी जैम में हुए उत्तीर्ण

**नारनौल।** आईआईटी मद्रास की ओर से आयोजित आईआईटी जैम परीक्षा में यदुवंशी डिग्री कॉलेज के गणित विभाग के दो विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। कॉलेज के छात्र कमल पुत्र बलवंत सिंह ने पूरे देश में 552वां रैंक व कॉलेज की छात्रा मुस्कान पुत्री अजित सिंह ने 3857वां रैंक हासिल कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस सफलता पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर डायरेक्टर सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, उपप्राचार्या डा. सोनल यादव, बीएड प्रिंसिपल बजरंग लाल, कॉलेज के गणित विभाग के प्रमुख निशांत यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी।



छात्र कमल



छात्रा मुस्कान

### भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक



**मंडी अटेली।** अटेली के निजी होटल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं शहीदी दिवस अमर शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश के महामंत्री वीरेंद्र सिंह चेयरमैन रहे। बैठक में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष दयाराम यादव भी उपस्थित रहे।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा



**महेंद्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशा उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने कहा कि पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रात के समय गिरफ्तार करना सरासर गलत हैं। उन्होंने कहा कि शराब नीति के मनी लांड्री केस में गिरफ्तार किया है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल को आठ समन भेजे थे, लेकिन केजरीवाल ने इन्हे असंवैधानिक बताते हुए नकार दिया था। डॉ. यादव ने कहा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता देश में लोकतंत्र बचा रहे। संवैधानिक अधिकार सुरक्षित रहे इसके लिए संघर्ष करते रहेंगे। लोकसभा चुनाव में जनता इस बार देश बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ वोट करेगी और लोकसभा में आम आदमी के साथ साथ इंडिया गठबंधन को सरकार की बागडोर सौंपेगी।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी व अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

# आरपीएस जखराना में वार्षिकोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

राजस्थान पब्लिक स्कूल जखराना में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने मुख्य अतिथि राजीव रंजन झा, अध्यक्ष डा. शानू यादव, गेस्ट ऑफ ऑनर सूरजभान मेहरा, विष्णुदत्त स्वामी, विशिष्ट अतिथि कैप्टन आरडी यादव का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत पीजी कॉलेज की छात्राओं ने विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना से की। विद्यालय के उपप्राचार्य योगेश यादव ने विद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदना प्रस्तुत की।

समारोह के अंत में मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। मंच संचालन संस्था के व्याख्याता सोमदत्त शर्मा व वंदना यादव ने किया। इस मौके पर वीरसिंह, वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, कैप्टन आरडी यादव, विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के प्राचार्य विनोद यादव आदि मौजूद थे।

# आरपीएस में शहीदी दिवस पर देश के वीर शहीदों को किया नमन

- शहीदों की बदौलत से आज हम खुली हवा में ले रहे हैं सांस: डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय खातोद में शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान देश पर अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर शहीदों को नमन किया गया तथा बच्चों को देश की रक्षा, एकता व अखंडता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पार्पित कर मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने किया। इस दौरान ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव ने भी वीर शहीदों को नमन करते हुए बच्चों को वीर शहीदों के दिखाए देशभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बच्चों को बताया कि शहीदी दिवस पर आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों को कुर्बान करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि शहीदों के सम्मान और उनके बलिदान को याद करने के लिए शहीद दिवस मनाया जाता है। स मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बार उपप्रधान सुनील राव बने कोप्टिड मेंबर



**कनीना।** बार एसोसिएशन उपप्रधान सुनील राव ककरालियां को बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा चंडीगढ़ की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी के कोप्टिड मेंबर बनाया गया है। सुनील राव ककरालिया ने कहा कि उसे जो जिम्मेवारी दी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी निष्ठा से निभाएंगा। उन्होंने इस नियुक्ति पर बार काउंसिल मेंबर जयवीर यादव का आभार जताया है। इस नियुक्ति पर कनीना के अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है।

### गांव मांडोला के तहसील कार्यालय बदलने की प्रक्रिया हुई शुरू: बलवान फौजी

**महेंद्रगढ़।** गांव मांडोला का तहसील कार्यालय बदलवाने की मांग को लेकर शनिवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा प्रत्याशी बलवान फौजी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बलवान फौजी ने कहा कि पिछले दिनों उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर तहसील कार्यालय बदलवाने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा था। अब गांव मांडोला के तहसील कार्यालय बदलवाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं।

**राजनीति** | कांग्रेस की आपसी फूट के कारण छोड़ी पार्टी, जेजेपी में कार्यकर्ता को मिलता है पूरा सम्मान

# देवीलाल परिवार से पुराना नाता, टिकट मिलेगी तो भारी वोटों से जीतेंगे चुनाव: राव बहादुर सिंह

- 10 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद कांग्रेस पार्टी संगठन नहीं बना पाई।
- दुष्यंत चौटाला के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने जेजेपी पार्टी ज्वाइन की हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवीलाल परिवार से उनका पुराना नाता हैं। जेजेपी पार्टी में आकर लग रहा है कि उनकी घर में वापसी हुई है। अगर पार्टी उन्हें लोकसभा की टिकट देती है तो भारी मतों से चुनाव जीतकर क्षेत्र का विकास कराएंगे। उक्त विचार कांग्रेस पार्टी छोड़कर जेजेपी में शामिल हुए पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वह एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। देवीलाल परिवार उन पर विश्वास जताकर वर्ष 2009 में विधानसभा की टिकट दी थी। विपक्ष होने के बाद बावजूद भी उन्होंने नांगल चौधरी क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं रहना दिया। इसके बाद पार्टी हाईकमान उन्होंने इनेलो पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ा। मोदी लहर होने के बाद भी वह दूसरे स्थान पर रहें तथा



महेंद्रगढ़। पत्रकार वार्ता करते जजपा नेता राव बहादुर सिंह। फोटो: हरिभूमि

करीब 45 हजार वोट से चुनाव हार गए। इसके बाद चौटाला परिवार की आपसी फूट के कारण पार्टी को छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद सिंह पर विश्वास करके कांग्रेस पार्टी ज्वाईन कर ली। उन्होंने वर्ष 2019 चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की पूरी मदद भी की। लेकिन 10 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद कांग्रेस पार्टी संगठन नहीं बना पाई। संगठन नहीं होने के कारण पार्टी को इसका खामियाजा भुगना पड़ा तथा आगामी चुनाव में भी भुगतना पड़ेगा। पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जेजेपी पार्टी को 2019 के चुनाव से पहले अस्तित्व में आई थी। केवल छह माह की तैयारी के बाद भी जेजेपी ने विधानसभा चुनाव में 10 सीट पर जीत हासिल की। प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पार्टी को खड़ा करने में जी तोड़कर मेहनत की हैं। दुष्यंत चौटाला के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने जेजेपी पार्टी ज्वाइन की हैं। वह दुष्यंत चौटाला में स्व. देवीलाल की छवि देखते हैं। देवीलाल परिवार ने हमेशा अपने-अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान किया हैं। स्व. देवीलाल ने अहीरवाल क्षेत्र के लिए बहुत कुछ कार्य किए हैं। स्व. देवीलाल ने अपने कार्यकाल में रेवाड़ी का अलग जिला बनाया था तथा शहीद राव तुलाराम की छुट्टी बहाल की थी। इसके अलावा देवीलाल परिवार ने क्षेत्र के काफी आम कार्यकर्ताओं को विधायक, एसएस बोर्ड व हरियाणा पब्लिक कमीशन का सदस्य बनाया है।

### शहीदी दिवस पर एसडी स्कूल में किया समारोह आयोजित



**कनीना।** शहीदी दिवस को लेकर एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने शिक्षक स्टॉफ के साथ आजादी के वीर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश सेवा सबसे बड़ा धर्म है। मातृभूमि पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### मकान का ताला तोड़कर आभूषण ले गए चोर

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बौचड़िया से अज्ञात चोर एक मकान का ताला तोड़कर सोने व चांदी के आभूषण चुरा ले गए। पुलिस ने पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बौचड़िया निवासी सत्यवान ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि हुडा नारनौल में भी रिहायशी मकान बनाया हुआ है। इसलिए परिवार ने गांव व हुडा दोनों ही जगह अपनी रिहायश की हुई है। गत 17 मार्च को परिवार अपने हुडा वाले मकान पर थे। 18 मार्च को बौचड़िया से मोबाईल फोन पर सूचना मिली कि मकान पर लगे हुए कैमरों पर कपड़ा डाला हुआ है, जिससे चोरी होने का अंदेशा है। वह तुरंत नारनौल से अपने घर बौचड़िया पर आये तो वहां पर देखा कि मकान के मैन गेट का ताला टूटा हुआ था,

## 33 हजार एकड़ फसल के आंकड़े का नहीं हुआ मिलान

# जिले में सरसों फसल की खरीद पर मंडराया खतरा

**26 मार्च से सात मंडियों में शुरू होनी है सरसों की खरीद, 80854 किसानों ने पोर्टल पर 298847 एकड़ किया फसल का पंजीकरण अभी 44638 में से 11233 एकड़ का ही हुआ है मिलान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश में 26 मार्च से सरसो की फसल की खरीद होनी है, लेकिन अभी तक जिला में 33404 एकड़ फसल के आंकड़े का मिलान नहीं हो पाया है। ऐसे में यह किसान सर्मथन मूल्य पर अपनी फसल बेचने से वंचित रह जाएंगे।

बता दें कि सरकार की ओर से पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले किसानों की फसल सर्मथन मूल्य पर खरीदी जाती है। सरकार की ओर से सरसों की फसल के लिए 5650 रुपये, गेंहू के लिए 2275 रुपये व चने के लिए 5450 रुपये सर्मथन मूल्य निर्धारित किया गया हैं। प्रदेश में 9.25 लाख किसानों ने अपनी फसल बेचने के लिए 61.45 लाख एकड़ फसल का पंजीकरण कराया था। वहीं जिला में 80854 किसानों ने 298847 एकड़ फसल का पंजीकरण कराया था। इनमें से काफी किसानों के पंजीकरण का डाटा का मिलान नहीं हो पा रहा है। इस रकबे का फसल खरीद से शुरू होने से पहले डाटा का मिलान होना अनिवार्य है नहीं तो किसानों में फसल बेचने में परेशानी उठानी पड़ सकती है। प्रदेश में 10.45 एकड़ फसल के डाटा का मिलान नहीं हो पाया है। वहीं जिला में 33 हजार एकड़ फसल के आंकड़े का मिलान नहीं हो पाया है। जिले में 20939 किसानों ने 33639 एकड़ गेंहू की फसल का पंजीकरण कराया था। अभी तक 25371 एकड़ गेंहू की फसल का सत्यापन हो चुका हैं। वहीं 8268 एकड़ गेंहू की फसल का सत्यापन नहीं हो पाया है। वहीं जिले में 78335 किसानों ने 260672 एकड़ सरसों की फसल का पंजीकरण कराया था। जिसमें से 201158 एकड़ फसल का सत्यापन हो चुका है। वहीं 59514 एकड़ सरसों की फसल का सत्यापन नहीं हो पाया है। 831 किसानों ने 1438 एकड़ चना की फसल का पंजीकरण कराया था, जिसमें से 1209 एकड़ फसल का सत्यापन नहीं हो पाया है।

### जिले में गेंहू के पंजीकरण की स्थिति

| ब्लॉक | पंजीकृत क्षेत्र | किसान पंजीकृत | कुल सत्यापित |
|---|---|---|---|
| अटेली | 5587 | 3857 | 3710 |
| कनीना | 8784 | 5603 | 5264 |
| महेंद्रगढ़ | 7033 | 5344 | 3442 |
| नांगल चौधरी | 916 | 797 | 372 |
| नारनौल | 3129 | 2507 | 1534 |
| सतनाली | 8189 | 2826 | 6419 |

### जिले में सरसों फसल का रजिस्ट्रेशन

| ब्लाक | पंजीकृत क्षेत्र | किसान पंजीकृत | कुल सत्यापित |
|---|---|---|---|
| अटेली | 31484 | 10716 | 22805 |
| कनीना | 49645 | 14723 | 36810 |
| महेंद्रगढ़ | 62211 | 17797 | 47860 |
| नांगल चौधरी | 43569 | 12834 | 33448 |
| नारनौल | 55059 | 17847 | 42069 |
| सतनाली | 18832 | 4410 | 12086 |

## डंपर ने स्विफ्ट को मारी टक्कर 25 वर्षीय युवती की हुई मौत

**महेंद्रगढ़।** नारनौल-महेंद्रगढ़ रोड पर गांव डेरोली अहीर में पेट्रोल पंप के पास स्विफ्ट गाड़ी व डंफर की टक्कर हो गई। जिससे गाड़ी में सवार एक 25 वर्षीय युवती की मौत हो गई व चालक घायल हो गया। चामधेड़ा निवासी मृतका के दादा महाबीर ने बताया कि वह उसकी 25 वर्षीरू पौती सन्नी जयपुर में नेट की कोचिंग कर रही थी। गांव आते समय 22-23 मार्च की रात सड़क हादसे में उसकी मौत की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचा तो गाड़ी पेट्रोल पंप के पास दुर्घटनाग्रस्त पड़ी मिली तथा पता किया कि यह दुर्घटना चालक मोहम्मद शरीफ वासी पैमा खेड़ा जिला नूंह ने अपने डंपर को गफलत लापरवाही से चलाकर गलत दिशा में मोड़कर किया है। हादसे में उसकी पोती सन्नी का देहांत हो गया व गाड़ी चालक रोहित वासी जोनावास को पैर व हाथों में काफी चोटे आई हैं। उसकी पोती सन्नी की लाश सरकारी अस्पताल नारनौल में है।

## सरसों व गेहूं की खरीद आढ़तियों से करवाने की मांग, सीएम से मिले

**कनीना।** मंडी में सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में



मुख्यमंत्री नायाब सैनी से मिला व गेहूं-सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करवाने की मांग की। प्रधान मनीष गुप्ता ने बताया कि व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन श्रीनिवास गोयल की अगुआई में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से मिले। नैफेड की खरीद भी आढ़तियों के मार्फत करवाई जाए। मंडियों में प्लेटफार्म, बारदाना तथा उठान कार्य दुरूस्त करवाया जाए, जिससे किसानों, आढ़तियों व खरीद एजेंसी को परेशान का सामना न करना पडे। उन्होंने कहा कि कनीना मंडी में सरसों की खरीद स्टेट वेयर हाउस की ओर से की जाएगी। इस मौके पर श्रीराम शर्मा, राहुल मित्तल भी मौजूद रहे।

## मेजर प्रवीण यादव को सेना मेडल गैलेंट्री अवॉर्ड से नवाजा गया

**महेंद्रगढ़।** देश की रक्षा में प्राणों की परवाह न करते हुए अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन



करने वाले युवा सैन्य अधिकारी मेजर प्रवीण यादव को भारतीय सेना की कमान ने रेड ईगल डिवीजन के तत्वावधान में प्रयागराज सैन्य स्टेशन में सेवा मेडल गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया। जनरल ऑफिसर कमांड-एजी-इन-चीफ, उत्तरी कमांड-और लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र ने भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को कर्तव्य से परे उनकी बहादुरी और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने जीओसी-इन-सी भी प्रदान किया। दौंगड़ा अहीर के ओनरी कैप्टन पवन यादव ने यह जानकारी दी।






